हिन्दी विभाग

''एबीसी आई डी कैसे बनाएँ'' पर कार्यशाला 29 सितम्बर 2023

शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी विभाग में दिनांक 29 सितम्बर 2023 को ''एबीसी आई डी कैसे बनाएँ'' विषय पर छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 रमेश टण्डन ने स्मार्ट बोर्ड पर ऑनलाईन एम ए हिन्दी की दो छात्राओं नेहा भारती और द्रौपति राठिया की वास्तविक एबीसी आई डी बनाकर दिखाया, साथ ही आवश्यक दिशा–निर्देश भी छात्रों को दिया। सामने स्मार्ट बोर्ड में ऑनलाईन प्रोसेस को देखते हुए अधिकांश छात्र–छात्राओं ने स्वयं से मोबाईल के द्वारा एबीसी आई डी बना भी ली। इसे बनाने के लिए आधार नम्बर, लिंक्ड मोबाईल नम्बर, मेल आई डी और छात्रों की सामान्य जानकारी जैसे नाम, जन्म तिथि, लिंग आदि जानकारी की आवश्यकता होती है। सबसे पहले डिजीलॉकर का अकाउण्ट बनाना होता है। इसके बाद एबीसी आई डी बनती है। एबीसी आई डी बनाते समय संस्था के नाम में शहीद नंदकुमार विश्वविद्यालय चुनना होता है। उसके बाद नामांकन नम्बर या रोल नम्बर लिखना होता है। सबमिट करते ही आई डी का क्रमांक प्राप्त हो जाता है। मुख्य परीक्षा या सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन करते समय इसकी जरूरत होती है। डिजीलॉकर और एबीसी अकाउण्ट बहुत ही महत्त्वपूर्ण होता है। छात्र या अन्य कोई भी आधार कार्डधारी व्यक्ति अपने जरूरी दस्तावेजों जैसे अंक सूची, जाति–निवास प्रमाण पत्र, आदेश आदि को पीडीएफ रूप में डिजीलॉकर में अपलोड कर सकते हैं। फिर इसे कभी भी मूल दस्तावेज के रूप में किसी भी सरकारी कार्यों में उपयोग कर सकते हैं।

विभाग के प्रोफेसर जे आर कुर्रे, डी के संजय व कुसुम चौहान की उपस्थिति में विभागीय अनेक छात्रों ने डिजीलॉकर अकाउण्ट और एबीसी आई डी बनाना सिखा।

narzo Shot by chhaya dansena
2023/09/29 12:01